# भूमि अधिग्रहण के मामलों में तुरंत कार्रवाई कर आमजन को फायदा पहुंचाएं : गालरिया

## 'जयपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्लान तैयार करें अधिकारी'

- हाऊसिंग बोर्ड की इंदिरा गाँधी नगर विस्तार योजना में नामांकन प्रक्रिया व ज़मीन के बदले ज़मीन के प्रकरणों में जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए

**जयपुर** (कासं)। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने भूमि अधिग्रहण व अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक गालरिया ने उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे लैंड बैंक का विस्तार व भूमि अधिग्रहण के मामलो में त्वरित कार्यवाही कर आमजन को अधिकाधिक लाभ पहुँचाएं।

उन्होंने राजस्थान आवासन मण्डल की इंदिरा गाँधी नगर विस्तार योजना के नामांकन प्रक्रिया तथा ज़मीन के बदले ज़मीन के प्रकरणों में भी त्वरित कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए।

गालरिया ने जेडीए की प्रगतिरत योजनाओं की समीक्षा करते हुए यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बेहत्तर यातायात व्यवस्था, नगरीय विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए अधिकारी जयपुर शहर के अत्याधिक यातायात वाले इलाकों को चिन्हित कर वहां यातायात को सुगम बनाने के लिए प्लान तैयार करे। इसी कड़ी में रेलवे स्टेशन के समीप खातीपुरा रोड को चौड़ा किया जाए, जिससे कि वहाँ आमजन का आवागमन सुगम हो।

बैठक में जेडीए आयुक्त आनंदी, आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, उप शासन सचिव यू.डी.एच. राकेश गुप्ता, मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।



नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने भूमि अधिग्रहण व अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

# 'गुणवत्ता संवर्धन के लिए प्रदेश के सभी औद्योगिक संगठन आगे आएं'

## बी.आई.एस. के 78वें स्थापना दिवस पर 'इंडस्ट्री कॉन्क्लेव' का आयोजन




भारतीय मानक ब्यूरो के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जयपुर में 'इंडस्ट्री कॉन्क्लेव' आयोजित किया गया।

- प्रदेश के औद्योगिक संगठनों के 100 से अधिक प्रतिनिधि हुए शामिल
- विश्वस्तरीय मानक बनाने में इंडस्ट्रियल एसो. की भागीदारी अहम : कालिया

**जयपुर** (कासं)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीआईएस राजस्थान की ओर से बुधवार को जयपुर में 'इंडस्ट्री कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया। होटल हॉलिडे-इन में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन उद्बोधन में मुख्य अतिथि राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. के.एल.जैन ने कहा कि उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए मानकीकरण बेहद आवश्यक प्रक्रिया है। इसके लिए जरूरी है कि सभी औद्योगिक संगठन उनसे जुड़े। सभी प्रकार के उद्योगों को बीआईएस लाइसेंस लेने, मानक संवर्धन में सहयोग करने और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बाजार में उतारने के लिए प्रेरित करें। उद्योग जगत से जुड़े हम सभी लोग प्रण लें कि हम इंडस्ट्री में प्रोडक्ट बनाएंगे तो भारतीय मानकों के आधार पर बनाएंगे।

इस अवसर पर बीआईएस राजस्थान की निदेशक और प्रमुख कनिका कालिया ने कहा कि विश्वस्तरीय मानक बनाने में इंडिस्ट्रियल एसोसिएशन की भागीदारी अहम है।

उद्योगपति आसानी से मानकीकरण की प्रक्रिया से जुड़ सकें इसके लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विभिन्न नवाचार किए गए हैं और लाइसेंस लेने की प्रक्रियाओं को आसान बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बीआईएस राजस्थान के क्षेत्राधिकार में 2700 से अधिक उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस क्रियाशील हैं। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से गैर-लाइसेंसधारी उद्योगों के लिए आयोजित किया गया है ताकि विभिन्न उत्पाद निर्माता एवं उत्पादक बीआईएस से जुड़ते हुए अपने उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के स्तर तक ले जा सकें।

कार्यक्रम में उद्योग जगत के दिग्गज पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, राजस्थान चैप्टर के चेयरमैन दिग्विजय ढाबरिया, प्लास्टिक मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन राजस्थान के प्रेसीडेंट श्रवण शर्मा, फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री के एग्ज्यूकेटिव प्रेसीडेंट डॉ. अरुण अग्रवाल, लघु उद्योग भारती राजस्थान, जयपुर चैप्टर के प्रेसीडेंट सुधीर कुमार गर्ग और लघु उद्योग भारती जयपुर प्रांत महामंत्री सुनीता शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। ढाबरिया ने पीएचडीसीसीआई के माध्यम से संबद्ध उद्योगों में मानकीकरण और गुणवत्ता संवर्धन को बढ़ावा दिलाने का भरोसा बीआईएस राजस्थान को दिलाया, वहीं शर्मा ने कहा कि पीएमएआर संबद्ध उद्योगों में प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण के लिए भारतीय मानकों के अनुरूप प्रक्रिया अपनाने का पूरा प्रयास करेगा। डॉ. अग्रवाल एवं श्री गर्ग ने भी मानकीकरण के लिए संगठनों की परस्पर एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक संगठनों के 100 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवसर पर उद्योग जगत से आए प्रतिनिधियों ने मानकीकरण के कारण गुणवत्ता संवर्धन, बेहतर उत्पादन, बिक्री और छवि निर्माण के क्षेत्र में होने वाले फायदों से जुड़े अपने अनुभव यहां साझा किए। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मानकीकरण में योगदान देने, दैनिक जीवन में मानकों के उपयोग को बढ़ावा देने एवं मानकीकृत और प्रमाणित उत्पाद खरीदने की शपथ भी ली। इस अवसर पर बीआई राजस्थान द्वारा प्रतिभागियों के साथ मानक विकास, अनुरूपता मूल्यांकन, गुणवत्ता नियंत्रण, ई-बीआईएस आदि विषयों पर गहन जानकारी साझा की गई।

# 8वीं नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हर्ष चौधरी ने जीता कांस्य पदक

## उप कारापाल की ट्रेनिंग ले रहे हर्ष को यह पदक जीतने पर डी.जी. जेल गोविंद गुप्ता ने बधाई दी

**जयपुर**। उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजित आठवीं नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कारागार विभाग में उप कारापाल के पद पर प्रशिक्षु हर्ष चौधरी ने कांस्य पदक हासिल किया है।

महानिदेशक कारागार गोविंद गुप्ता ने बताया कि कि बरेली में यह प्रतियोगिता 6 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित की गई थी। जिसमें 85 से 90 किलो भार वर्ग में चौधरी ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर इन्होंने न केवल कारागार विभाग अपितु पूरे प्रदेश का नाम भी रोशन किया है।

राजस्थान लौटने पर डीजी जेल गुप्ता ने बॉक्सर चौधरी के पदक प्राप्त करने की सराहना करते हुए आगे और अधिक उत्साह से बढ़-चढ़कर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



गुप्ता ने हर्ष चौधरी के साथ उनके प्रशिक्षक, खेल अधिकारी और टीम प्रबन्धकों को भी इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दीं।

# पतंग उडाते हुए छत से नीचे गिरे युवक की मौत

**जयपुर**। पतंग उडाते समय छत से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच हरमाड़ा थाना पुलिस कर रही है।

पुलिस के अनुसार गायत्री नगर सीकर रोड निवासी 42 वर्षीय संजय सिंह पुत्र दलपत सिंह मंगलवार शाम को पतंग उडा रहे थे। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और छत से नीचे गिर गया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। हादसा शाम करीब सवा सात बजे हुआ है। पतंग उडाने के दौरान संतुलन बिगड़ने से युवक छत से नीचे आ गिरा।

# नाबालिग का अपहरण, मारपीट कर सुनसान स्थान पर फेंका

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। सांगानेर सदर थाना इलाके में एक नाबालिग लड़की के किडनैपिंग का मामला सामने आया है। नाबालिग के चिल्लाने पर चलती कार में मारपीट की गई। उसके बेहोश होने पर सुनसान जगह सड़क किनारे पटककर बदमाश फरार हो गए। सामने आया है कि एक लड़के ने कुछ दिन पहले उस पर बात करने का दबाव बनाया था। बात न करने पर धमकी दी थी। पुलिस ने नाबालिग को महात्मा गांधी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। पीड़िता के पर्चा बयान पर मामला दर्ज की गई। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि 16 साल की लड़की के पर्चा बयान पर मामला दर्ज किया गया है। रविवार दोपहर वह अपने फ्रेंड के घर जा रही थी। कल्लावाला गांव में पैदल जाते समय उसके आगे आकर एक सफेद कलर की कार आकर रुकी। कार से उतरकर चार लड़कों ने उसे पकड़कर जबरन गाड़ी में डाल लिया। किडनैप कर उसे रिंग रोड की तरफ ले गए। मारपीट कर उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी। बेहोश होने पर सुनसान जगह रोड किनारे फेंक कर चले गए।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मारपीट करने वाले चार लड़कों में से एक ने 15-20 दिन पहले उसे धमकी दी थी। उसने कहा था कि कि तू मेरे से बात कर। तू मेरे से बात नहीं कर रही, तेरे को बताता हूं। पुलिस ने नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# चाइनीज मांझा बेचने की फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

**जयपुर**। जालूपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धातु का धारदार व खतरनाक चाइनीज मांझा बेचकर मानव जीवन व पशु पक्षियों के जीवन को संकट उत्पन्न करने वाले आरोपी शाहिल खान को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने आरोपित के कब्जे से मिश्रित धातु का धारदार व खतरनाक चाइनीज मांझे की 3 चरखी भी बरामद की है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर ने मकर संक्राति पर्व को मद्देनजर रखते हुए चायनीज मांझा-सिथेटिक माँझा विक्रय करने वालो के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जालूपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वनस्थली चौराहा के पास चायनीज -सिंथेटिक माँझा बेचने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहे आरोपित शाहिल खान निवासी हलालपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश हाल जालूपुरा जयपुर गिरफ्तार को किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से तीन चरखी एक बड़ी चरखी, जिसमे बरंग बेगनी रंग का खतरनाक मिश्रित धातू का (चाइनिज) मांझा, दुसरी काले रंग की चरखी जिसमे लाल मेहरुन रंग का खतरनाक मिश्रित धातू का (चाइनिज) मांझा व तिसरी काले रंग की चरखी जिसमे काले रंग का खतरनाक मिश्रित धातू का चाइनिज मांझा जब्त किया।

## सार-समाचार

### सरकारी स्कूल के बच्चों को स्वेटर बांटे



**जयपुर**। युवाओं की संगठित संस्था "राजस्थान यूथ फाउंडेशन" की ओर से शीतरक्षणम कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, ढोढसर में जरूरतमंद सैकड़ों बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सरलेश राणा व गुरजंट सिंह धालीवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मधु अग्रवाल, सरपंच जितेन्द्र सिंह शेखावत, समाजसेवी दीपक गुप्ता, राजेश गुप्ता ने शिरकत की। साथ ही, बच्चों को अल्पाहार भी वितरित किया गया। प्रधानाचार्य सुपियार देवी ने बताया कि विद्यालय में गरीब तबके के बच्चे इस सर्दी में बिना स्वेटर के आते हैं, यहां स्वेटर वितरण करके फाउंडेशन ने बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया है। विद्यालय की ओर से ने अध्यापिका सरोज यादव आभार व्यक्त किया।

### वैदिक कन्या कॉलेज में आर्मी दिवस मनाया

**जयपुर** (कासं)। वैदिक कन्या पीजी महाविद्यालय राजा पार्क में बुधवार को आर्मी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट डॉक्टर दीपिका और संस्था के सचिव डॉ. अनिरुद्ध साहनी रहे। आर्मी दिवस के उपलक्ष में सभी एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति गीत व सेना के शौर्य से ओतप्रोत कविताएं तथा नृत्य की प्रस्तुतियां दी। डॉक्टर दीपिका ने सभी कैडेट्स को बधाई और शुभकामनाएं दी। वैदिक कन्या महाविद्यालय के कैडेट्स ने शानदार प्रदर्शन किया था और 16 गोल्ड और सिल्वर मेडल तीन विनिंग ट्रॉफीज और ऑल ओवर चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती थी, जिन्हें समारोह पूर्वक कैडेट्स को प्रदान की गई। संस्था के सचिव डॉक्टर अनिरुद्ध साहनी ने सभी छात्राओं को उनके प्रदर्शन पर बधाई दी। कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर लतिका झा ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कैडेट्स एवं प्रभारी लेफ्टिनेंट सीमा शर्मा को कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### एक हफ्ते में 900 पक्षियों का उपचार

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान जनमंची ट्रस्ट द्वारा लावारिस, बेसहारा, वृद्ध, बीमार तथा दुर्घटनाग्रस्त अपंग पक्षियों के लिए निःशुल्क पक्षी आश्रय व चिकित्सा केंद्र संचालित किया जा रहा है। पिछले एक हफ्ते में लगभग 900 पक्षी इस केन्द्र पर सेवा हेतु ले गए हैं। यह पक्षी चिकित्सालय, कैलगिरी रोड, मालवीय नगर, जयपुर में हरे भरे वातावरण के बीच स्थित है। यहां पर पक्षियों के लिए इलाज, दवाइयां, भोजन, आवास, फूड सप्लीमेंट जैसी सभी सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क है। जनवरी में पतंग डोर के सीजन में तो प्रतिदिन यहां कई सौ घायल पक्षी आते हैं। पतंग डोर के अलावा जानवरों का शिकार बिजली का करंट ऊंची आधुनिक इमारतें, सामान्य मौसम छत पर लगे हुए पंखे के कारण बारहमासी यहां पक्षियों को सेवाभावी लोग और संस्थाएं लाते हैं। बिना किसी फीस बिना किसी शुःल्क के सभी पक्षियों का यहां इलाज आश्रय देने के पश्चात ठीक होने पर उन्हें खुले आसमां में छोड़ दिया जाता है। पिछले करीब 30 वर्षों से सेवारत यह संस्था लाखों पक्षियों का निःशुल्क इलाज कर चुकी है।

### सड़क सुरक्षा पर नाटक का मंचन

**जयपुर**। जवाहर कला केन्द्र में बुधवार को सड़क सुरक्षा माह-2025 के तहत नाटक एक और हादसा का मंचन किया गया। वरिष्ठ नाट्य निर्देशक नरेन्द्र अरोड़ा के निर्देशन में एकजुट संस्था के कलाकारों ने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, पीड़ित परिवारों के दर्द को प्रभावी तरीके से बयां करते हुए यह सवाल रखा कि सड़क पर लापरवाही कब तक जारी रहेगी, क्यों हम एक और हादसे के इंतजार में हैं? गुरुवार को प्रातः 11 बजे विद्यार्थियों और शाम 6:30 बजे आमजन के लिए नाटक का दोबारा मंचन किया जाएगा। निर्देशक नरेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि सड़क हादसों में अपनों को खोने वाले 80 परिवारों से बात करने के बाद मनोवैज्ञानिक विश्लेषण कर नाटक की स्क्रिप्ट तैयार की गयी है। नाटक में भी स्क्रीन पर इन परिवारों की आपबीती दर्शकों के सामने झलकी। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में चालकों की गलती के साथ एक अप्रत्यक्ष कारण और होता है उसकी पड़ताल और निवारण आवश्यक है इसी पर नाटक प्रकाश डालता है।

# पंजीयन-मुद्रांक विभाग के ई-पोस्टर का विमोचन

**जयपुर**। कलेक्ट्रेट जयपुर में स्थित मॉडल उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री एवं अन्य प्रयोजनों के लिए ई-स्टाम्प खरीदने वाले नागरिकों में व्यापक जागरूकता लाने के लिए पंजीयन और मुद्रांक विभाग कहता है, अपने ई-स्टाम्प सर्टिफिकेट को जाने नवाचार का शुभारंभ इलेक्ट्रिक क्लिप ऑन बोर्ड पोस्टर के माध्यम से डीआईजी स्टाम्प डॉ. गोरधन लाल शर्मा द्वारा किया गया।

आम जनता के बीच ई-स्टाम्प और इसमें मौजूद सुरक्षा मानकों की जानकारी व्यापक रूप से बनी रहे जिसकी जानकारी इस इलेक्ट्रिक क्लिप बोर्ड के माध्यम से डीआईजी शर्मा द्वारा दी गई। डीआईजी द्वारा संपत्तियों के पंजीकरण के लिए आने वाले आम जनता को ई-स्टाम्पिंग मोबाइल ऐप के माध्यम से ई-स्टाम्प पेपर में मौजूद 2डी बार कोड को स्कैन कर, ई-स्टांप की प्रमाणिकता की जांच करनी चाहिए, साथ ही बदलते डिजिटल युग में आम आदमी द्वारा ई-स्टाम्प खरीदते समय उसमें मौजूद सभी सुरक्षा मानकों की जांच करने का सुझाव दिया।

इस जन जागरूकता अभियान में आम लोगों, पंजीयन स्टाफ एवं अधिवक्ताओं और डीड राइटर्स को संबोधित करते हुए पंजीयन और मुद्रांक विभाग के डीआईजी ने ई-स्टाम्प के विभिन्न सुरक्षा मानकों जैसे माइक्रो प्रिंट, तीन स्थानों पर वॉटरमार्क में स्टाम्प ड्यूटी, टेक्स्ट थ्रेड में भुगतान की गई स्टाम्प ड्यूटी, टेक्स्ट थ्रेड में दिनांक समय, टू डी बार कोड, असममित क्रम में प्रमाणपत्र संख्या और टेक्स्ट रिबन में एसएचसीआईएल के बारे में जानकारी दी। इस नवाचार के माध्यम से हमारा मुख्य उद्देश्य जयपुर, जयपुर ग्रामीण और इसके आसपास के क्षेत्र के लोगों में ई-स्टाम्प की प्रति व्यापक जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में सब रजिस्ट्रार ज्वाला सहाय मीना, अरविंद कविया, मॉडल सब रजिस्ट्रार से सिम्मी, ई-स्टाम्पिंग की ओर से ई-स्टाम्पिंग एरिया मैनेजर पवन रुनवाल, शाखा प्रबंधक आनंद जैन, मनदेव, स्टाम्प विक्रेता ए.सी.सी. प्रेम प्रकाश गुप्ता, अधिवक्ता बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष गजराज, सचिव नरेंद्र एवं अखिलेश मौजूद रहे।

# गणेशजी का पुष्य नक्षत्र में अभिषेक

**जयपुर** (कासं)। बुध पुष्य नक्षत्र में छोटीकाशी के सभी गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य भगवान गणेशजी का पुष्याभिषेक किया गया। कहीं पंचामृत अभिषेक हुआ तो कही दुग्धाभिषेक किया गया।

जयपुर की स्थापना से पूर्व के गढ़ गणेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में पुरुषाकृति बाल गणेशजी का अभिषेक कर ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। सुबह पट खुलने से पूर्व ही यहां दर्शनार्थियों की कतार लग गई। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में महंत पं. कैलाश शर्मा के सान्निध्य में सुबह दूध, दही, घी, शहद, गुलाब जल, केवड़ा जल, हीना इत्र से गणेशजी का अभिषेक किया गया। पंचामृत अभिषेक के बाद गंगाजल से शुद्ध स्नान कराया गया। गणेशजी महाराज को नवीन पोशाक धारण कराकर फूल बंगला झांकी सजाई गई। मोदक प्रिय गणपति को गणपति सहस्त्र नामावली के साथ 1008 मोदक अर्पण किया गया। रक्षासूत्र एवं हल्दी प्रसाद का वितरण किया गया। धनु मल मास समाप्त होने के बाद पहले बुधवार को बड़ी संख्या में लोग विवाह के कार्ड के साथ प्रथम पूज्य को न्यौता देने पहुंचे। मंदिर के पुजारी ने कार्ड में नाम देखकर गणेशजी को आमंत्रण पढ़कर सुनाया।

# मूंग और सोयाबीन की खरीद अवधि बढाई

**जयपुर**। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रदेश में खरीफ सीजन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर की जा रही मूंग और सोयाबीन की खरीद की अवधि को 4 फरवरी तक बढा दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों की मूंग की समर्थन मूल्य पर बेचान में आ रही परेशानी को देखते हुये कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र लिख कर खरीद अवधि को बढाने के लिये लिखा था।

दक ने बताया कि जिन किसानों ने मूंग और सोयाबीन के लिये पहले से समर्थन मूल्य पर अपनी उपज के बेचान के लिये पंजीकरण करवा लिया है, वे अब निर्धारित तुलाई केन्द्र पर 4 फरवरी, 2025 तक अपनी उपज की तुलाई करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक 86488 किसानों द्वारा मूंग के लिये पंजीकरण करवाया था और उनमें से 70619 किसानों से 1.42 लाख मैट्रिक टन मूंग की खरीद की जा चुकी है तथा सोयाबीन के लिये 42956 किसानों ने पंजीकरण करवाया है और 26328 किसानों से 68747 मैट्रिक टन सोयाबीन की खरीद की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि मूंगफली की खरीद पूर्व निर्धारित दिनांक 15 फरवरी, 2025 तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में वर्षा और आंधी का मौसम का बना हुआ है, इसलिये खरीदे गये जिन्स की सुरक्षा और भण्डारण के लिये आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि तुलाई केन्द्रों पर किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिये भी सभी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

राजफैड के प्रबंध निदेशक नारायण सिंह ने बताया कि पात्र किसानों की जिन्स की तुलाई के बाद तुलाई की पर्चियों को खरीद की अंतिम दिनांक तक सॉफ्टवेयर में अपलोड करने के लिये तुलाई केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है।

# गाय चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 जनवरी को थाना इलाके से गाय चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक आरोपित स्थानीय गैस सिलेंडर हॉकर है। पुलिस ने आरोपियों से चुराई गई गाय सहित वारदात में प्रयुक्त एक पिकअप बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 जनवरी को थाना इलाके में स्थित दुर्गा विस्तार कॉलोनी एनबीसी के पास एक मकान से गाय चुराने वाले पप्पू योगी निवासी मौजमाबाद जयपुर हाल शांति नगर जयपुर और चेतन कुमार निवासी दबलाना जिला बूंदी को गिरफ्तार कर उनके पास से चुराई गई गाय भी बरामद की जा चुकी है। पुलिस जांच में सामने आया है आरोपित पप्पू योगी पिछले सात-आठ साल से हसनपुरा में रहकर गैस एजेंसी के सिलेंडर घर-घर सप्लाई करने का कार्य करता आ रहा है। गैस सिलेंडर की सप्लाई के दौरान काफी दिनों से घूम रही एक गाय को चुराने की योजना बना रहा था। इस पर आरोपित ने पिकअप चालक चेतन से सम्पर्क कर गाय चुराई और गाय को मौजमाबाद जिला जयपुर में छिपा कर रखा।

# राजस्थान में 31 एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया शुरु : टी. रविकान्त

- मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा एम-सेण्ड नीति-नियम जारी करने के बाद से एक्शन मोड पर आया खनन विभाग
- भारत सरकार के ई-पोर्टल पर 28 जनवरी से छह फरवरी तक ई-नीलामी होगी
- आमजन को सस्ती व सहज तौर पर बजरी का विकल्प मिलेगा, निवेश-रोजगार के नए अवसर खुलेंगे

**जयपुर** (कासं)। खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया है कि राज्य में 31 एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए 10 जनवरी से ई-नीलामी प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। भारत सरकार के ई-पोर्टल पर 28 जनवरी से 6 फरवरी तक नीलामी कार्यक्रम के अनुसार बोली लगाई जा सकती है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा 4 दिसंबर को नई खनिज नीति और नई एम-सेण्ड नीति जारी करने के साथ ही 3 जनवरी 2025 को दोनों ही नीतियों के अनुसार संशोधित नियम जारी होते ही विभाग एक्शन मोड पर आते हुए एक सप्ताह में ही 31 एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए निविदा सूचना जारी कर दी। इसके साथ ही प्रदेश में माइनिंग सेक्टर में नया निवेश और रोजगार के अवसर विकसित हो सकेंगे।

टी. रविकान्त ने बताया कि नई नीति में एम-सेण्ड इकाइयों को उद्योग का दर्जा देने के साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना में विशेष रियायतें दी गई है। नई एम-सेण्ड नीति में आम नागरिकों को बजरी के विकल्प के रुप में सस्ती एवं सहज उपलब्धता, नदियों से बजरी की आपूर्ति पर निर्भरता कम करते हुए पारिस्थितिकीय तंत्र में सुधार, खनन क्षेत्र के आवरबर्डन का बेहतर उपयोग, भवनों और कंक्रिट ढांचे के मलबे को रिसाईकलिंग के साथ ही एम-सेण्ड उद्योग को बढ़ावा व रोजगार के अवसर विकसित करना है।

नई नीति में एम-सेण्ड इकाई की स्थापना की पात्रता में रियायत देते हुए 3 साल के अनुभव व 3 करोड़ के टर्न ऑवर की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। इसी तरह से ऑवरबर्डन पर देय रॉयल्टी को कम किया गया है वहीं नीलामी के समय एम-सेण्ड यूनिट के लिए दो प्लाट रखने के स्थान पर 5 प्लाट आरक्षित कर आवंटित किया जाएगा। इसके साथ ही ऑवरबर्डन पर देय डीएमएफटी की राशि में छूट, एम-सेण्ड के निर्माण में प्रयुक्त ऑवरबर्डन पर देय रॉयल्टी को कम करने, सरकारी और सरकार से वित पोषित निर्माण कार्यों में बजरी की मांग के आपूर्ति में 50 प्रतिशत एम-सेण्ड के उपयोग की अनिवार्यता तय की गई है ताकि प्रदेश में बजरी के विकल्प के रुप में सरकारी निर्माण कार्यों में एम-सेण्ड के उपयोग को बढ़ावा देना है।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि 15 जिलों में 31 एम-सेण्ड प्लॉटों की ई-नीलामी के लिए भारत सरकार के ई पोर्टल पर 10 जनवरी को निविदा सूचना जारी कर दी गई है। विस्तृत सूचना विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि अजमेर, नागौर, सिरोही, उदयपुर, चित्तोड़गढ़, जयपुर, झुन्झुनू, बारां, पाली और सीकर में दो-दो, बून्दी, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ में तीन-तीन और कोटपुतली और दौसा में एक-एक इकाई की नीलामी सूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि इनमें 28 डेलिनियेटेड प्लॉट मैसेनरी स्टोन के एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापित करने वाले बोली दाताओं के लिए और ओवर वर्डन के 3 डेलिनियेटेड प्लॉट एम-सेण्ड इकाइयां स्थापित करने वाले बोलीदाताओं के लिए नीलाम किये जा रहे हैं।

कलाल ने बताया कि एम-सेण्ड इकाइयों की नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाता विभागीय वेबसाइट और भारत सरकार के ई-पोर्टल पर निविदा कार्यक्रम, प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मिनरल एक्सप्लोरेशन क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञ और भूविज्ञानी गुरुवार 16 जनवरी को प्रातः साढे दस बजे से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर पर मंथन करेंगे। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं जियोलोजी टी. रविकान्त ने बताया कि कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के माइंस मंत्रालय, जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, हैदराबाद और बैंगलोर के विशेषज्ञ, एनएमईटी, आरसीएम आईबीएम, क्यूसीआई एनएबीईटी, एमईसीएल, इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस, एटोमिक मिनरल डिपार्टमेंट के साथ ही केन्द्र सरकार की एंपेनल्ड निजी क्षेत्र की एक्सप्लोरेशन संस्थाएं और विभाग के अधिकारी हिस्सा लेंगे।